**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ..........................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________
(In words)

**D 1 0 1 5**

# PAPER - II
# SOCIAL WORK

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** | Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

## SOCIAL WORK

## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Which method of social work is related to the process of transforming social policy into social welfare ?

(1) Social work research
(2) Community organisation
(3) Social action
(4) Social welfare administration

**2.** 'The person - in - situation' was coined by :

(1) Marry Richmond
(2) Florence Hollis
(3) H. Bartlett
(4) Charles Cooley

**3.** Which is **not** true of Social values ?

(1) Values are preferred behaviour
(2) Values cannot be proved
(3) Values grow out of personal experiences
(4) Values are evolving in nature

**4.** Which one of the following is **not** a principle of social group work given by H.B. Trecker ?

(1) The principle of democratic self determination
(2) The principle of focussing on change and possibilities
(3) The principle of flexible functional organisation
(4) The principle of progressive programme experience

**5.** Which one of the following is **not** secondary data in Social Work research ?

(1) Information collected from Journals
(2) Information collected from Reports
(3) Information collected from Respondents
(4) Information collected from Websites

## समाज कार्य

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** समाज कार्य की कौन सी पद्धति सामाजिक नीति को समाज कल्याण में बदलने की प्रक्रिया से संबंधित है ?

(1) समाज कार्य अनुसंधान
(2) सामुदायिक संगठन
(3) सामाजिक क्रिया
(4) समाज कल्याण प्रशासन

**2.** 'स्थिति-में-व्यक्ति' (पर्सन-इन-सिच्यूवेशन) अवधारणा दी गई :

(1) मैरी रिचमण्ड द्वारा
(2) फ्लोरेंस होलिस द्वारा
(3) एच. बार्टलेट द्वारा
(4) चार्ल्स कूले द्वारा

**3.** सामाजिक मूल्यों के बारे में क्या सही **नहीं** है ?

(1) मूल्य अधिमान्य व्यवहार हैं।
(2) मूल्यों को सिद्ध नहीं किया जा सकता है।
(3) मूल्य व्यक्तिगत अनुभव से उत्पन्न होते हैं।
(4) मूल्यों की प्रवृत्ति विकासशील होती हैं।

**4.** निम्नलिखित में से क्या एच.बी. ट्रेकर द्वारा प्रतिपादित समाज कार्य सिद्धांत **नहीं** है ?

(1) लोकतांत्रिक स्व निर्णय का सिद्धांत।
(2) परिवर्तन और सम्भावनाओं पर संकेन्द्रण का सिद्धांत।
(3) लचीला प्रकार्यात्मक संगठन का सिद्धांत।
(4) प्रगामी सुनियोजित अनुभव का सिद्धांत।

**5.** निम्नलिखित में से क्या समाज कार्य अनुसंधान में द्वितीयक आंकड़ें **नहीं** हैं ?

(1) पत्रिकाओं से एकत्रित सूचना
(2) प्रतिवेदनों से एकत्रित सूचना
(3) उत्तरदाताओं से एकत्रित सूचना
(4) वेबसाइटों से एकत्रित सूचना

6. The book 'Community Welfare Organization : Principles and Practice' has been written by :

(1) M.S. Gore (2) Murray G. Ross (3) K.D. Gangrade (4) Arthar Dunham

7. Ego states referred in Transactional Analysis Theory does **not** include :

(1) Child (2) Parent (3) Adult (4) Sibling

8. Anti - Social personality has :

(1) Undeveloped Id.

(2) Undeveloped Ego

(3) Underdeveloped Super - Ego

(4) Undeveloped all Three i.e. Id, Ego and Super-ego

9. Evaluation research is basically :

(1) Confirmatory research (2) Action research

(3) Fundamental research (4) Pure research

10. Which one of the following is **not** the characteristic of social disorganisation ?

(1) Obstructing the functioning of patterns of coordination

(2) Endangering the survival of group

(3) Adhering the rules laid down by society

(4) Lack of social cohesion

11. Universe of study is defined as :

(1) Coverage of study (2) Geographical area

(3) Total number of units (4) Unit of study

12. According to Freudian theory, personality consists of :

(1) Id and Ego only (2) Conscious and Subconscious only

(3) Id, Ego and Super Ego (4) Ego and Super Ego only

6. ‘कम्यूनिटी वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन : प्रिंसिपल्स एण्ड प्रेक्टिस’ नामक पुस्तक किसने लिखी है ?

(1) एम.एस. गोरे (2) मरे जी. रॉस (3) के.डी. गेंग्राडे (4) आर्थर डनहम

7. संव्यवहार विश्लेषण सिद्धांत में अहम् अवस्थाओं में क्या शामिल **नहीं** है ?

(1) बच्चा (2) माता-पिता (3) वयस्क (4) भाई-बहन

8. समाज विरोधी व्यक्तित्व में क्या होता है ?

(1) अविकसित इदम्

(2) अविकसित अहम्

(3) अर्द्ध विकसित परा-अहम्

(4) अविकसित इदम्, अहम् और परा-अहम् तीनों

9. मूल्यांकन अनुसंधान मूल रूप से क्या है ?

(1) पुष्टिकारक अनुसंधान (2) क्रिया अनुसंधान

(3) मौलिक अनुसंधान (4) शुद्ध अनुसंधान

10. निम्नलिखित में से कौन सी सामाजिक विघटन की विशेषता **नहीं** है ?

(1) समन्वय के प्रतिमानों की क्रियात्मकता को बाधित करना

(2) समूह की उत्तरजीविता को खतरे में डालना

(3) समाज द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना

(4) सामाजिक सम्बद्धता की कमी

11. अध्ययन के समग्र को पारिभाषित किया जा सकता है :

(1) अध्ययन के विस्तार के रूप में (2) भौगोलिक क्षेत्र के रूप में

(3) इकाइयों की कुल संख्या के रूप में (4) अध्ययन की इकाई के रूप में

12. फ्रॉयड सिद्धांत के अनुसार व्यक्तित्व में शामिल होता है :

(1) केवल इदम् और अहम् (2) केवल चेतन और अवचेतन

(3) केवल इदम्, अहम और परा अहम् (4) केवल अहम् और परा अहम्

**13.** Bottom - up concept related to :

(1) Mega Planning (2) Macro Planning

(3) Mezzo Planning (4) Micro Planning

**14.** Paulo Friere's approach could be briefly stated as :

(1) Organisation of services of people

(2) Mobilization of community leaders

(3) Action - reflection process with people

(4) Identification of target systems for work

**15.** Pilot study refers to :

(1) Preliminary study conducted on a limited scale before the original study

(2) Preliminary testing of tools used for the research

(3) Follow - up study done within a year after the original study

(4) Macro level study undertaken to test the hypothesis

**16.** The Constant and Control variable is used in __________.

(1) Exploratory Research (2) Descriptive Research

(3) Evaluation Research (4) Experimental Research

**17.** Who gave the concept of "Looking glass self" ?

(1) Karl Marx (2) Margaret H. Mead

(3) Charles Cooley (4) M.K. Gandhi

**18.** Who coined the term conjugal family ?

(1) William J. Goode (2) Murdock

(3) Cooper (4) Talcott Parsons

**19.** Age - sex distribution at a given time is known as :

(1) Population explosion (2) Population grid

(3) Population pyramid (4) Population control

**13.** नीचे से ऊपर की ओर (बॉटम-अप) अवधारणा संबंधित है :

(1) मेगा नियोजन
(2) वृहद नियोजन
(3) मध्यम नियोजन
(4) सूक्ष्म नियोजन

**14.** पॉल फ्रेरेरा के अभिगम का संक्षिप्त वर्णन किया जा सकता है :

(1) लोगों की सेवाओं के संगठन के रूप में
(2) सामुदायिक नेताओं के लामबन्दी के रूप में
(3) लोगों के साथ संक्रिया-परावर्तन प्रक्रिया के रूप में
(4) कार्य के लिए लक्ष्य व्यवस्था की पहचान के रूप में

**15.** प्रायोगिक अध्ययन का तात्पर्य है :

(1) मूल अध्ययन के पूर्व सीमित स्तर पर किया जाने वाला प्रारम्भिक अध्ययन
(2) अनुसंधान में प्रयुक्त संयंत्रों की प्रारम्भिक जाँच
(3) मूल अध्ययन के पश्चात् एक वर्ष के भीतर किया जाने वाला अनुगामी अध्ययन
(4) परिकल्पना की जाँच के लिए किया गया वृहद् स्तर का अध्ययन

**16.** स्थिर और नियंत्रण चर का उपयोग किया जाता है :

(1) अन्वेषणात्मक अनुसंधान में
(2) वर्णनात्मक अनुसंधान में
(3) मूल्यांकन अनुसंधान में
(4) प्रायोगिक अनुसंधान में

**17.** किसने 'लुकिंग ग्लास सेल्फ' की अवधारणा प्रतिपादित की थी ?

(1) कार्ल मार्क्स
(2) मार्गरेट एच. मीड
(3) चार्ल्स कूले
(4) एम.के. गाँधी

**18.** 'दाम्पत्य परिवार' पद की रचना किसने की थी ?

(1) विलियम जे. गुडे
(2) मुरडोक
(3) कूपर
(4) टलकोट पार्सन्स

**19.** किसी दिए गए समय में आयु-लिंग वितरण को जाना जाता है :

(1) जनसंख्या विस्फोट
(2) जनसंख्या ग्रिड
(3) जनसंख्या पिरामिड
(4) जनसंख्या नियंत्रण

20. The meaning of sustainable development is :

(1) Sustained growth (2) Sustained profit

(3) Sustained capital (4) Sustained natural capital

21. Who is the proponent of the theory of hedonism in criminology ?

(1) Beccaria (2) Lombroso (3) Hooton (4) Sigmund Freud

22. Who introduced the term 'Folkways' in Sociological Literature ?

(1) George Simmel (2) Robert Merton

(3) Auguste Comte (4) William G. Sumner

23. With whom can First Information Report (FIR) be lodged ?

(1) Circle Officer of Police (2) Superintendent of Police

(3) Inspector General of Police (4) Officer - in - Charge of Police Station

24. Which Government launched Firka Development Scheme ?

(1) Government of U.P. (2) Government of Bihar

(3) Government of Madras (4) Government of Bengal

25. Achievement Motivation is a concept frequently associated with :

(1) A. Maslow (2) H. Murray (3) C. Jung (4) D. McClleland

26. Which one of the following is **not** the characteristic of vertical organisation ?

(1) Narrow Span (2) Closed Control

(3) Broad Span (4) Centralisation

27. Women's studies researchers should view women as :

(1) Objects and consumers (2) Subjects and producers

(3) Objects and producers (4) Consumers only

**20.** सतत् विकास का तात्पर्य क्या है ?

(1) सतत् वृद्धि
(2) सतत् लाभ
(3) सतत् पूँजी
(4) सतत् प्राकृतिक पूँजी

**21.** अपराध विज्ञान में सुखवाद सिद्धांत के प्रतिपादक कौन हैं ?

(1) बेकारियो
(2) लोमब्रासो
(3) हूटन
(4) सिगमंड फ्रॉयड

**22.** निम्नलिखित में से किसने समाजशास्त्रीय साहित्य में 'फोल्कवेज' (Folkways) पद की रचना की ?

(1) जॉर्ज सिम्मेल
(2) रोबर्ट मर्टन
(3) आगस्त कौम्ते
(4) विलियम जी. समनर

**23.** किसके समक्ष प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) दायर की जा सकती है ?

(1) पुलिस का सर्किल अधिकारी
(2) पुलिस अधीक्षक
(3) पुलिस महानिदेशक
(4) पुलिस स्टेशन का प्रभारी अधिकारी

**24.** किस सरकार ने फिर्का विकास कार्यक्रम आरम्भ किया था ?

(1) उत्तर प्रदेश सरकार
(2) बिहार सरकार
(3) मद्रास सरकार
(4) बंगाल सरकार

**25.** उपलब्धि प्रेरणा किनसे संबंधित है ?

(1) ए. मॉस्लो
(2) एच. मरे
(3) सी. जंग
(4) डी. मेकक्लीलैण्ड

**26.** निम्नलिखित में से क्या लम्बवत् संगठन की विशेषता **नहीं** है ?

(1) संकीर्ण विस्तार
(2) पूर्ण नियंत्रण
(3) विस्तृत विस्तार
(4) केन्द्रीयकरण

**27.** महिलाओं के अध्ययन के अंतर्गत शोधार्थियों को महिलाओं को किस रूप में देखना चाहिए ?

(1) वस्तु और उपभोक्ता
(2) विषय और उत्पादक
(3) वस्तु और उत्पादक
(4) केवल उपभोक्ता

**28.** Which of the following gender related index was developed and used by United Nations in 2010 ?

(1) Gender Related Development Index

(2) Gender Inequality Index

(3) Gender Empowerment Measure

(4) Inequality Adjusted Human Development Index

**29.** The acronym AYUSH is :

(1) An NGO Working for Child Welfare

(2) A Department of the Government of India

(3) A Drug Control Programme

(4) Polio Eradication Programme

**30.** Deviance is **not** :

(1) A human behaviour (2) A disapproved direction

(3) Beyond tolerance level of society (4) Glorified behaviour

**31.** Which one of the following authorities grants probation to offenders ?

(1) Police (2) Court (3) Prosecution (4) Jail

**32.** Which of the following does **not** lead to feminisation of poverty ?

(1) Women workers excluded from economic opportunities

(2) Women's work for longer hours at lower wages

(3) Lack of property/land rights for women

(4) Women's economic independence

**33.** According to the census, 2011 which among the following states has highest proportion of Scheduled Tribe population within the state ?

(1) Tamil Nadu (2) Maharashtra (3) Manipur (4) Mizoram

**28.** निम्नलिखित में से कौन सा लिंग संबंधित सूचकांक संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2010 में विकसित किया गया और उपयोग में लाया गया ?

(1) लिंग संबंधित विकास सूचकांक

(2) लिंग असमानता सूचकांक

(3) लिंग सशक्तीकरण उपाय

(4) असमानता समायोजित मानव विकास सूचकांक

**29.** संक्षिप्ताक्षर आयुष (AYUSH) क्या है ?

(1) बाल कल्याण के लिए कार्यरत एक गैर-सरकारी संगठन

(2) भारत सरकार का एक विभाग

(3) एक नशा नियंत्रण कार्यक्रम

(4) पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम

**30.** विचलन क्या **नहीं** है ?

(1) एक मानव व्यवहार (2) एक निरनुमोदित दिशा

(3) समाज के सहनशीलता स्तर से परे (4) गौरवपूर्ण व्यवहार

**31.** निम्नलिखित में से कौन प्राधिकारी अपचारियों को प्रोबेशन प्रदान करता है ?

(1) पुलिस (2) न्यायालय (3) अभियोजन (4) जेल

**32.** निम्नलिखित में से किससे गरीबी का नारीवादकरण **नहीं** होता है ?

(1) महिला कामगारों को जिन्हें आर्थिक अवसरों से अलग रखा गया।

(2) महिलाएं कम मजदूरी में ज्यादा घंटे कार्य करती हैं।

(3) महिलाओं के लिए सम्पत्ति/भूमि अधिकार का अभाव।

(4) महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता

**33.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का अनुपात सर्वाधिक है ?

(1) तमिलनाडु (2) महाराष्ट्र (3) मणिपुर (4) मिजोरम

**34.** Which School of Thought used the concept of social disorganisation in explaining Juvenile delinquency ?

(1) Classical School (2) Positive School

(3) Chicago School (4) Cartographical School

**35.** Disorders of traits are best associated with :

(1) Personality disorders (2) Anxiety disorders

(3) Sexual disorders (4) Substance abuse disorders

**36.** The new name of Remand Home is __________.

(1) Certified School (2) Fit Persons Home

(3) Observation Home (4) Borstal School

**37.** Equal Remuneration Act 1976 provides that :

(a) Women and Men will be paid equally for doing the same work

(b) There will be no discrimination against women at the time of recruitment

(c) The employer is bound to maintain a register of the workers

**Codes :**

(1) (a), (b) and (c) (2) (a) and (b) only

(3) (b) and (c) only (4) (a) and (c) only

**38.** Match **List - I** with **List - II** and choose correct answer from the codes given below :

| **List - I (Models)** | **List - II (Methods)** |
|---|---|
| (a) Social planning | (i) Social case work |
| (b) Behaviour modification | (ii) Social group work |
| (c) Reciprocal model | (iii) Community organisation |
| (d) Conscientization | (iv) Social action |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

34. विचारों के किस सम्प्रदाय ने बाल अपराध की व्याख्या करने में सामाजिक विघटन के अवधारणा का उपयोग किया है?

(1) शास्त्रीय सम्प्रदाय (2) सकारात्मक सम्प्रदाय

(3) शिकागो सम्प्रदाय (4) मानचित्रकारी सम्प्रदाय

35. गुणों का विकार किससे सबसे ज्यादा संबंधित है?

(1) व्यक्तित्व विकार (2) दुश्चिन्ता विकार

(3) यौन विकार (4) पदार्थ दुरुपयोग विकार

36. सुधार गृह का नया नाम __________ है।

(1) प्रमाणित विद्यालय (2) स्वस्थ व्यक्तियों के लिए घर

(3) पर्यवेक्षण गृह (4) बोर्सटल विद्यालय

37. समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 उपबन्ध करता है कि :

(a) महिलाओं और पुरुषों को समान कार्य के लिये एक समान भुगतान किया जाएगा।

(b) भर्ती के समय महिलाओं के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा।

(c) नियोक्ता के लिए कामगारों का रजिस्टर रखना आवश्यक है।

**कूट :**

(1) (a), (b) और (c) (2) (a) और (b) केवल

(3) (b) और (c) केवल (4) (a) और (c) केवल

38. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची - I (प्रारूप)** | **सूची - II (पद्धति)** |
|---|---|
| (a) सामाजिक नियोजन | (i) सामाजिक वैयक्तिक कार्य |
| (b) व्यवहारगत आशोधन | (ii) सामाजिक समूह कार्य |
| (c) पारस्परिक प्रारूप | (iii) सामुदायिक संगठन |
| (d) संचेतना | (iv) सामाजिक क्रिया |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

39. Match **List - I** with **List - II** and choose the correct answer from the codes :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Classical Conditioning | (i) | Parent - Adult - Child |
| (b) | Operant Conditioning | (ii) | Response Modification |
| (c) | Rational Emotive Therapy | (iii) | Substitutional Learning |
| (d) | Transactional Analysis | (iv) | ABC Model |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

40. Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer with the help of codes attached :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Protection of Children from Sexual Offences Act | (i) | 2013 |
| (b) | The Sexual Harassment of Women at Work-Place (Prevention, Prohibition and Redressal) Act | (ii) | 2012 |
| (c) | Protection of Women from Domestic Violence Act | (iii) | 2006 |
| (d) | The Prohibition of Child Marriage Act | (iv) | 2005 |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

39. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन करें।

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | शास्त्रीय अनुकूलन | (i) | माता-पिता -वयस्क-बच्चा |
| (b) | क्रियाप्रसूत अनुकूलन | (ii) | प्रतिक्रिया आशोधन |
| (c) | बौद्धिक भावनात्मक उपचार | (iii) | प्रतिस्थापनात्मक अधिगम |
| (d) | संव्यावहारिक विश्लेषण | (iv) | ए.बी.सी. प्रतिरूप |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

40. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | यौन अपराध से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम | (i) | 2013 |
| (b) | कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निषेध, प्रतिषेध और निवारण) अधिनियम | (ii) | 2012 |
| (c) | घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम | (iii) | 2006 |
| (d) | बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम | (iv) | 2005 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**41.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer with the help of codes given :

| **List - I** | | **List - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Sam Pitroda | (i) | National Commission for ST |
| (b) | Naseem Ahmed | (ii) | National Commission for SC |
| (c) | P.L. Punia | (iii) | National Knowledge Commission |
| (d) | Rameshwar Oraon | (iv) | National Commission for Minorities |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**42.** **Assertion (A)** : Social work is a human rights profession.

**Reason (R)** : Client problem should be solved as per his/her decision.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct

(2) Both **(A)** and **(R)** are not correct

(3) **(A)** is correct but **(R)** is not the correct Reason

(4) **(R)** is correct but **(A)** is not the correct Assertion

41. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | सैम पित्रोदा | (i) | राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग |
| (b) | नसीम अहमद | (ii) | राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग |
| (c) | पी.एल. पुनिया | (iii) | राष्ट्रीय ज्ञान आयोग |
| (d) | रामेश्वर उरांव | (iv) | राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

42. **अभिकथन (A)** : समाज कार्य एक मानव अधिकार व्यवसाय है।

**तर्क (R)** : सेवार्थी की समस्या का समाधान उसके निर्णयानुसार किया जाना चाहिए।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं हैं।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** सही तर्क नहीं है।

(4) **(R)** सही है लेकिन **(A)** सही अभिकथन नहीं है।

**43.** **Assertion (A)** : Networks together with shared norms, values and understanding that facilitate co-operation within or among groups is known as Social Capital.

**Reason (R)** : Networks are real - world links between groups or individuals.

**Codes :**

(1) **(A)** is correct and **(R)** is incorrect

(2) **(A)** is incorrect and **(R)** is correct

(3) **(A)** and **(R)** are correct

(4) **(A)** and **(R)** are incorrect

**44.** **Assertion (A)** : The same end - state can be reached by a variety of different initial conditions and through different processes.

**Reason (R)** : Equilibrium is explained by the term homeostasis.

**Codes :**

(1) **(A)** is correct and **(R)** is incorrect

(2) **(A)** and **(R)** are incorrect

(3) **(A)** is incorrect and **(R)** is correct

(4) **(A)** and **(R)** are correct

**45.** **Assertion (A)** : Time use surveys examine the allocation and efficiency of non - working time.

**Reason (R)** : Time use surveys enable giving visibility to women's invisible work.

**Codes :**

(1) **(A)** is correct but **(R)** is not correct

(2) **(A)** is not correct but **(R)** is correct

(3) Both **(A)** and **(R)** are not correct

(4) Both **(A)** and **(R)** are correct

43. **अभिकथन (A)** : सहभागी मानकों, मूल्यों और समझ के साथ नेटवर्क, समूह के अन्दर और समूहों के बीच सहयोग को आसान बनाता है, इसे सामाजिक पूंजी कहा जाता है।

**तर्क (R)** : नेटवर्क समूहों और व्यक्तियों के बीच वास्तविक वैश्विक संबंध हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है और **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

44. **अभिकथन (A)** : समान अन्तिम अवस्था में विभिन्न आरम्भिक स्थितियों और विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से पहुँचा जा सकता है।

**तर्क (R)** : संतुलन की व्याख्या सामान्य शारीरिक संतुलन पद से की जा सकती है।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(3) **(A)** गलत है और **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

45. **अभिकथन (A)** : समय उपयोग सर्वेक्षण गैर–कार्य समय के आबन्टन और दक्षता का परीक्षण करता है।

**तर्क (R)** : समय उपयोग सर्वेक्षण महिलाओं के अदृश्य कार्य को दृश्य बनाता है।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** सही नहीं है।

(2) **(A)** सही नहीं है लेकिन **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं हैं।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

**Read the passage given below and answer the question No. 46 to 50 as per the understanding of the passage.**

Evidence-based practice (EBP) is a process in which the practitioner combines well-researched interventions with clinical experience and ethics, and client preferences and culture to guide and inform the delivery of treatments and services. It is a process in which practitioners make practice decisions in light of the best research evidence available. The evidence-based practice model encourages practitioners to integrate scientific evidence with their practice expertise and knowledge of the personal circumstances bearing on specific practice decisions.

Evidence-based social work practice involves clients as informed participants by seeking out practice-related research findings regarding important decisions and sharing the results of such a search with clients. If no evidence can be found to support a service decision, the client needs to be informed and practitioners need to describe their rationale for making recommendations to clients. This approach ensures that the treatments and services, when used as intended, will have the most effective outcomes as demonstrated by the research. It will also ensure that programs with proven success will be more widely disseminated and will benefit a greater number of people.

Evidence-based practice is most commonly discussed in regard to decisions about what interventions to be provided to the clients. Apart from that it also applies to decisions about how best to assess the practice problems and decisions practitioners make at other levels of practice such as decisions about social policies and communities. For example, a clinical practitioner following the evidence-based practice model with a newly referred client will attempt to find and use the most scientifically validated diagnostic tools in assessing client problems and treatment needs and then develop a treatment plan in light of the best research evidence available.

At the level of social policy, evidence-based practitioners will attempt to formulate and advocate policies that, the best research available suggests, are most likely to achieve their desired aims. Likewise, evidence-based practitioners working at the community level will make practice decisions at that level in light of community-level practice research. Moreover, evidence-based practitioners at each level will utilize research methods to evaluate the outcomes of their practice decisions to see if the chosen course of action is achieving its desired aim. If it is not, then the evidence-based practitioner will choose an alternative course of action again in light of the best research evidence available and again evaluating its outcome.

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा प्रश्न सं. 46 से 50 के उत्तर अपनी समझ के आधार पर दीजिए।**

साक्ष्य आधारित प्रैक्टिस (ई.बी.पी.) वह प्रक्रिया है जिसमें अभ्यासकर्ता भली भांति अनुसंधान किए गए हस्तक्षेपों का नैदानिक अनुभवों और आचार के साथ तथा उपचार और सेवाओं के परिदान को निर्देशित और सूचित करने के लिए सेवार्थी अधिमानों और संस्कृति को संयोजित करता है। यह वह प्रक्रिया है जिसमें अभ्यासकर्ता सर्वोत्तम उपलब्ध अनुसंधान साक्ष्य के आलोक में प्रैक्टिस निर्णयों को लेता है। साक्ष्य आधारित प्रैक्टिस मॉडल अभ्यासकर्ताओं को वैज्ञानिक साक्ष्यों को उनके प्रैक्टिस निपुणता के साथ और विशिष्ट प्रैक्टिस निर्णयों पर व्यक्तिगत परिस्थितियों के ज्ञान के प्रभाव के साथ संयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

साक्ष्य आधारित समाज कार्य में सेवार्थी जानकार सहभागी के रूप में होता है जो महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में प्रैक्टिस से संबंधित अनुसंधान निष्कर्ष और सेवार्थी के साथ ऐसे खोज के परिणामों को साझा करना चाहता है। यदि सेवा संबंधी निर्णय के समर्थन में कोई साक्ष्य नहीं मिल सकता है तो सेवार्थी को सूचित किया जाना आवश्यक है और अभ्यासकर्ता के लिए यह जरूरी है कि सेवार्थी को अनुशंसा करने के लिए अपनी बुद्धिसंगतता का वर्णन करें। यह अभिगम सुनिश्चित करती है कि उपचार और सेवाएं, जब उनका यथा आशायित उपयोग किया जाता है, तो उनके परिणाम सबसे अधिक प्रभावी होंगे जैसा कि अनुसंधान द्वारा पता चला है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि जो कार्यक्रम सफल सिद्ध हुए हैं उनका और व्यापक प्रचार प्रसार होगा और अधिक संख्या में लोग लाभान्वित होंगे।

सेवार्थी के साथ कौन सा हस्तक्षेप किया जाए के बारे में निर्णय के संबंध में साक्ष्य आधारित प्रैक्टिस पर सबसे अधिक चर्चा की जाती है। इसके अतिरिक्त यह प्रैक्टिस समस्याओं का किस प्रकार सर्वोत्तम आंकलन किए जाने के बारे में निर्णय और प्रैक्टिस के अन्य स्तर पर अभ्यासकर्ताओं द्वारा किए गए निर्णय जैसे सामाजिक नीतियों और समुदायों के बारे में निर्णयों पर भी लागू होता है। उदाहरणार्थ, एक नैदानिक अभ्यासकर्ता जो साक्ष्य आधारित प्रैक्टिस को अपना रहा है का अपने नए भेजे गए सेवार्थी के साथ यह प्रयास होगा कि वह सेवार्थी की समस्या और उपचार के निर्धारण के लिए वैज्ञानिक दृष्टि से सबसे अधिक मान्य नैदानिक उपकरणों का उपयोग करें और उसके बाद सर्वोत्तम उपलब्ध साक्ष्य के आलोक में एक उपचार योजना बनाए।

सामाजिक नीति के स्तर पर साक्ष्य आधारित अभ्यासकर्ता उन नीतियों को तैयार करने और उनका समर्थन करने का प्रयास करेंगे जो सर्वोत्तम उपलब्ध अनुसंधान सुझाएंगे और जिनसे उनके वांछित लक्ष्यों की पूर्ति होने की संभावना सबसे अधिक हो। इसी प्रकार से साक्ष्य आधारित अभ्यासकर्ता जो सामुदायिक स्तर पर कार्य कर रहे समुदाय-आधारित प्रैक्टिस अनुसंधान के आधार पर उसी स्तर पर प्रैक्टिस निर्णय कर सकेंगे। इसके अलावा प्रत्येक स्तर पर साक्ष्य आधारित अभ्यासकर्ता अपने साक्ष्य निर्णयों के परिणामों के मूल्यांकन के लिए अनुसंधान पद्धति का उपयोग करेंगे जिससे यह पता चल सके कि चयनित कार्य पद्धति वांछित उद्देश्यों को प्राप्त कर रही है या नहीं। यदि नहीं, तो साक्ष्य आधारित अभ्यासकर्ता पुन: किसी वैकल्पिक कार्यपद्धति का चयन करेगा जो उपलब्ध सर्वोत्तम अनुसंधान साक्ष्य के आलोक में हो और पुन: इसके परिणामों का मूल्यांकन करेगा।

**46.** Evidence-based practice (EBP) can best be explained as :

(1) Process in which the practitioner combines well researched interventions with clinical experience and ethics

(2) Process of intervention based on clients' preferences and culture to guide and inform the delivery of treatments and services

(3) Practice that is most commonly discussed in regard to decisions about what interventions to provide to clients

(4) Process of assessing client problems and treatment needs and then developing a treatment plan

**47.** Evidence-based practice in Social Work is most-commonly discussed with regard to decisions relating to :

(1) Intervention (2) Follow up (3) Termination (4) Evaluation

**48.** At the level of Social Policy, the major role of the evidenced-based practitioner is :

(1) To formulate and advocate policies that are most likely to achieve their desired aims

(2) To make practice decisions in light of community level practice research

(3) To utilize research methods to evaluate the outcomes

(4) To choose an alternative course of action

**49.** What does a clinical practitioner (using EBP model) do with a newly referred client ?

(1) Take the informed consent of the client

(2) Assess clients' problems and needs by using the most scientifically validated diagnostic tools

(3) Making treatment plan based on clients' preferences and culture

(4) Client is given services as per the needs felt by him/her

**50.** During evaluation of the practice outcomes, if the chosen course of action is not achieving the desired end, the EBP practitioner __________.

(1) Will choose an alternative course of action based on research evidence

(2) Will utilise the already available outcome

(3) Will ignore the available practice outcomes

(4) Will take appropriate decisions in the light of clients' preferences and needs.

- o 0 o -

**46.** साक्ष्य आधारित प्रैक्टिस (ई.बी.पी.) की सर्वोत्तम व्याख्या किस रूप में की जा सकती है?

(1) वह प्रक्रिया जिसमें अभ्यासकर्ता भली भांति अनुसंधान किए गए हस्तक्षेपों का नैदानिक अनुभव और आचार के साथ संयोजित करता है।

(2) हस्तक्षेप की प्रक्रिया जो उपचार और सेवाओं के परिदान को निर्देशित और सूचित करने के लिए सेवार्थी अधिमान और संस्कृति पर आधारित है।

(3) वह पद्धति जिसके बारे में सेवार्थी के साथ कौन सा हस्तक्षेप किया जाए संबंधी निर्णय के संबंध में सबसे अधिक चर्चा की जाती है।

(4) सेवार्थी की समस्याओं और उपचार की आवश्यकता के आकलन के पश्चात उपचार योजना तैयार करने की प्रक्रिया।

**47.** समाज कार्य में साक्ष्य आधारित प्रैक्टिस की सबसे अधिक चर्चा किससे संबंधित निर्णय के बारे में की जाती है?

(1) हस्तक्षेप (2) अनुगमन (फालो-अप)

(3) समापन (4) मूल्यांकन

**48.** सामाजिक नीति के स्तर पर, साक्ष्य आधारित अभ्यासकर्ता की मुख्य भूमिका है :

(1) उन नीतियों को तैयार करना और समर्थन करना जो उनके वांछित उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते हों

(2) समुदायिक स्तर के प्रैक्टिस अनुसंधान के आलोक में प्रैक्टिस निर्णय लेना

(3) परिणामों के मूल्यांकन के लिए अनुसंधान पद्धतियों का उपयोग करना

(4) कार्य की वैकल्पिक पद्धति को चुनना

**49.** नवीन संदर्भित सेवार्थी के साथ नैदानिक अभ्यासकर्ता (ई.बी.पी. मॉडल का उपयोग करने वाला) क्या करेगा?

(1) सेवार्थी की सूचित सहमति प्राप्त करेगा

(2) सेवार्थी की समस्याओं और आवश्यकताओं का निर्धारण वैज्ञानिक दृष्टि से सबसे अधिक मान्य नैदानिक उपकरणों का उपयोग करके करेगा

(3) सेवार्थी के अधिमान और संस्कृति पर आधारित उपचार योजना तैयार करेगा

(4) उसके द्वारा अनुभव की गई आवश्यकता के अनुसार सेवार्थी को सेवाएं देगा

**50.** प्रैक्टिस परिणामों के मूल्यांकन के दौरान, यदि चयनित कार्यपद्धति से वांछित उद्देश्य की प्राप्ति नहीं हो रही है तो साक्ष्य आधारित प्रैक्टिस अभ्यासकर्ता __________

(1) वैकल्पिक कार्य पद्धति का चयन अनुसंधान साक्ष्य के आधार पर करेगा।

(2) पहले से उपलब्ध परिणामों का उपयोग करेगा।

(3) उपलब्ध अभ्यास परिणामों की अनदेखी करेगा।

(4) सेवार्थी अधिमान और आवश्यकता के आलोक में उपयुक्त निर्णय लेगा।

- o 0 o -

**Space For Rough Work**